कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 28-09-2024

विषयः- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा शहर क्षेत्र का भ्रमण कर, यातायात व्यवस्था का किया गया निरीक्षण।

- **ककरमत्ता पुल व बी.एल.डब्लू पर यातायात की नई व्यवस्था-**
    - **ककरमत्ता पुल से उतरने के पश्चात खराब road engineering की वजह से प्रायः ट्रैफिक जाम का सामना करती है। अतः विचार-विमर्श के उपरान्त वहां बैरियर लगाकर नई व्यवस्था लागू की गयी है जिसके अन्तर्गत पुल के उतरने के बाद तत्काल U-turn नहीं कर सकेंगे, बल्की लगभग 100 मीटर आगे जाकर बी.एल.डब्लू गेट से पहले U-turn की गयी है। इस नई व्यवस्था के लागू होने से ककरमत्ता पुल व बी.एल.डब्लू के मध्य जाम की समस्या में काफी कमी आयी है व यातायात सुगम हुआ है।**
- **यातायात संचालन व्यवस्था में लगी महिला पुलिस कर्मियों को किया गया प्रोत्साहित।**
- **यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत सड़को पर प्रभावी किये जाने हेतु वन-वे, यू-टर्न व कट बन्द करने आदि का स्थलीय भ्रमण कर दिये गये निर्देश।**
- **व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के पार्किंग स्थल का हो प्रयोग, सड़को पर न हो वाहनो की बेतरतीव पार्किंग।**

आज दिनांक 28.09.2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा शहर क्षेत्र का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा यातायात संचालन व्यवस्था व अतिक्रमण के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यातायात के दृष्टिगत महत्वपूर्ण स्थानों लहरतारा, मण्डुवाडीह, ककरमत्ता, भिखारीपुर, मालवीय गेट लंका, रविदास गेट, दुर्गाकुण्ड, भेलूपुर, रथयात्रा, सिगरा आदि मार्गो का निरीक्षण कर, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने और अवैध पार्किंग जैसी समस्याओं पर विशेष ध्यान दिये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान व्यवसायिक प्रतिष्ठानों व अस्पतालों के आसपास सड़को पर वाहनों की बेतरतीव पार्किंग कर यातायात में बाधा उत्पन्न करने वालो वाहनों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने व गाड़ियों को व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के पार्किंग में ही पार्क कराये जाने हेतु सम्बन्धिक को निर्देशित किया गया। इस दौरान पुलिस उपायुक्त काशी श्री गौरव वंशवाल, अपर पुलिस उपायुपक्त सुश्री नीतू, सम्बन्धित सहायक पुलिस आयुक्त व थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।